# शिक्षा निदेशालय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार

## कक्षा 11 - राजनीतिक विज्ञान (028)

## मध्यावधि परीक्षा अभ्यास पत्र (2025-26)

**अधिकतम अंक:** 80 **समय सीमा:** 3 घंटे

सामान्य निर्देश:

1. प्रश्न पत्र पाँच खंडों (A, B, C, D और E) में विभाजित है, जिसमें कुल 30 प्रश्न हैं।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. प्रश्न संख्या 1 से 12 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
4. प्रश्न संख्या 13 से 18 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। इन प्रश्नों के उत्तर 50–60 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
5. प्रश्न संख्या 19 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। इन प्रश्नों के उत्तर 100–120 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए। इनमें से दो प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
6. प्रश्न संख्या 24 से 26 चित्र, मानचित्र और अनुच्छेद आधारित प्रश्न हैं। उत्तर उसी अनुसार दें।
7. प्रश्न संख्या 27 से 30 तक प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है। इन प्रश्नों के उत्तर 170–180 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
8. सभी 6 अंक वाले प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
9. मानचित्र,कार्टून,दृश्य,चित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए अलग से प्रश्न दिए गए हैं।

---

**खंड-क(12x1=12)**

1. संविधान के अनुसार लोकसभा की अधिकतम सदस्य संख्या _________ है? 1

(a) 543

(b) 545

(c) 550

(d) 552

**2. निम्नलिखित में से संविधान का कौन-सा कार्य है?** 1

(a) देश में चुनाव करवाना।

(b) देश की आर्थिक नीतियाँ तय करना।

(c) सरकार की शक्ति और जिम्मेदारियां तय करना।

(d) मंत्रालयों का दैनिक प्रशासन संभालना।

3. **नीचे दो कथन दिए गए हैं:** 1
**कथन I:** मोतीलाल नेहरू समिति ने 1928 में अधिकारों के विधेयक की माँग की थी।

**कथन II:** मौलिक अधिकार अन्य अधिकारों से अलग होते हैं और जहाँ सामान्य कानूनी अधिकारों की रक्षा सामान्य कानून द्वारा होती है, वहीं मौलिक अधिकारों की रक्षा और गारंटी संविधान द्वारा की जाती है।
उपरोक्त कथनों के आधार पर सही उत्तर चुनिए:
(A) केवल कथन I सही है।
(B) केवल कथन II सही है।
(C) दोनों कथन I और II सही हैं।
(D) दोनों कथन I और II गलत हैं।

4. **भारत में संसद और राज्य विधानसभाओं के चुनाव कराने की जिम्मेदारी किसकी है?** 1

(a) प्रधानमंत्री कार्यालय

(b) गृह मंत्रालय

(c) भारतीय निर्वाचन आयोग

(d) भारत का सर्वोच्च न्यायालय

5. **भारत में मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए न्यूनतम आयु क्या है?** 1

(a) 21 वर्ष

(b) 25 वर्ष

(c) 18 वर्ष

(d) 16 वर्ष

6. निम्नलिखित प्रश्न में एक कथन (A) और उसका कारण (R) दिया गया है। उपयुक्त विकल्प चुनिए: 1

**कथन (A):** भारत में लोकसभा चुनावों के लिए सबसे अधिक मत प्राप्त करने वाले की जीत प्रणाली (FPTP) अपनाई है।

**कारण (R):** FPTP प्रणाली संसद में सभी राजनीतिक दलों का आनुपातिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करती है।

विकल्प:

(A) A और R दोनों सही हैं, और R, A की सही व्याख्या है।

(B) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(C) A सही है, लेकिन R गलत है।

(D) A गलत है, लेकिन R सही है।

7. राज्यसभा के सदस्यों का चुनाव किस प्रणाली द्वारा होता हैं? 1

(a) सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार

(b) जनता द्वारा प्रत्यक्ष चुनाव

(c) एकल संकर्मणीय मत द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व

(d) सबसे अधिक मत प्राप्त करने वाली की जीत

8. **भारत में संघीय कार्यपालिका का वैधानिक (de jure) प्रमुख कौन होता है?** 1

(a) प्रधानमंत्री

(b) राष्ट्रपति

(c) भारत के मुख्य न्यायाधीश

(d) लोकसभा अध्यक्ष

9. **भारत के राष्ट्रपति का कार्यकाल कितने वर्षों का होता है?** 1

(a) 4 वर्ष

(b) 5 वर्ष

(c) 6 वर्ष

(d) अगले आदेश तक

10. निम्नलिखित शब्दों का मिलान करें (कोड की सहायता से): 1

| **कॉलम A** | **कॉलम B** |
|---|---|
| A. लोकसभा | (i) संसद का उच्च सदन |
| B. राज्यसभा | (ii) जनता द्वारा प्रत्यक्ष रूप से चुनी जाती है |
| C. लोकसभा अध्यक्ष | (iii) संसद के संयुक्त सत्र की अध्यक्षता करते हैं |
| D. धन विधेयक | (iv) केवल लोकसभा में प्रस्तुत किया जा सकता है |

**विकल्प:**

A) I-(ii), II-(i), III-(iii), IV-(iv)

B) I-(iii), II-(i), III-(ii), IV-(iv)

C) I-(ii), II-(i), III-(iv), IV-(iii)

D) I-(iii), II-(i), III-(iv), IV-(ii)

11. भारत की संसद का स्थायी सदन कौनसा है जिसे कभी भंग नही किया जा सकता? 1

**विकल्प:**

(a) लोकसभा

(b) राज्यसभा

(c) विधानसभा

(d) ग्राम सभा

12. एक बिल से विधेयक बनने की प्रक्रिया को उनके क्रम में लगाइए और सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का उत्तर के रूप में चयन कीजिए:- 1

I. सदन में बहस और चर्चा

II. विधेयक की प्रस्तुति

III. दूसरे सदन द्वारा अनुमोदन

IV. राष्ट्रपति की स्वीकृति

**विकल्प:**

A) (III), (II), (IV), (I)

B) (II), (I), (III), (IV)

C) (IV), (I), (III), (II)

D) (I), (II), (III), (IV)

---

**खंड-ख (6x2=12)**

13. किसी देश के लिए संविधान क्यों महत्वपूर्ण होता है? दो कारण बताइए। 2

14. मौलिक अधिकार और मानव अधिकार में अंतर स्पष्ट कीजिए। 2

15. 'फर्स्ट पास्ट द पोस्ट' चुनाव प्रणाली क्या होती है? 2

16. 'राजनीतिक कार्यपालिका' की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए। 2

17. लोकसभा की दो ऐसी शक्तियाँ बताइए जो उसे राज्यसभा से अधिक शक्तिशाली बनाती हैं। 2

18. संसदीय लोकतंत्र में विपक्ष की मुख्य भूमिका क्या होती है? 2

---

**खंड-ग (5x4=20)**

19. मौलिक अधिकारों को लागू करने के लिए उच्चतम न्यायालय/उच्च न्यायालय द्वारा जारी किए जाने वाले चार प्रकार के रिट्स की व्याख्या कीजिए।

20. भारत में लागू किए गए या विचाराधीन दो चुनाव सुधारों का वर्णन कीजिए।

21. कार्यपालिका की राष्ट्रपति प्रणाली और संसदीय प्रणाली में दो-दो बिंदुओं के आधार पर अंतर स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

भारत में राजनीतिक कार्यपालिका और स्थायी कार्यपालिका में अंतर स्पष्ट कीजिए। राजनीतिक कार्यपालिका अधिक शक्तिशाली क्यों होती है?

22. संसद कार्यपालिका पर किस प्रकार नियंत्रण रखती है? दो तरीकों की व्याख्या कीजिए।

**अथवा**

लोकतांत्रिक सरकार में विधायिका की भूमिका क्या होती है? इसके दो कार्यों का उल्लेख कीजिए।

23. भारतीय संदर्भ में 'न्यायिक पुनरावलोकन' की अवधारणा की व्याख्या कीजिए।

---

**खंड-घ ( 3x4=12)**

**24.** नीचे दिए गए चित्र का अध्ययन कीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 4x1=4

कार्टून बूझें



29 मई 1949

इस कार्टून में भीमकाय काँग्रेस के आगे विपक्ष एक बौने के रूप में दिखाया गया है। क्या यह हमारे निर्वाचन प्रणाली का परिणाम था?

सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:

(i) कार्टून मुख्यतः किसकी आलोचना करता है?

A. मतदाताओं में शिक्षा का अभाव

B. सरकारी नीतियों की अक्षमता

C. चुनावी व्यवस्था द्वारा उत्पन्न असंतुलन

D. राजनीति में मीडिया की भूमिका

(ii) कार्टून में विपक्ष को कैसे दर्शाया गया है?

A. आक्रामक और प्रभावशाली

B. छोटा और अपनी बात कहने के लिए संघर्षरत

C. उदासीन और मौन

D. सत्ताधारी दल के बराबर शक्ति वाला

(iii) सत्ताधारी दल और विपक्ष के बीच शक्ति असमानता को उजागर करने के लिए किस दृश्य तत्व का उपयोग किया गया है?

A. रंग प्रतीकों का प्रयोग

B. पात्रों को पृष्ठभूमि में रखना
C. आकृतियों के बीच आकार में अंतर

D. अमूर्त आकृतियों का प्रयोग

(iv) कार्टून में राजनीतिक प्रतिनिधित्व के बारे में विचार उत्पन्न करने के लिए कौन सा आलंकारिक प्रश्न पूछा गया है?

A. "क्या लोकतंत्र वास्तव में लोकतांत्रिक है?"

B. "क्या यह हमारी चुनावी प्रणाली का प्रभाव है?"

C. "क्या विपक्ष को और ज़ोर से बोलना चाहिए?"


D. "क्या इस देश में चुनाव निष्पक्ष होते हैं?"

नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 24 के स्थान पर हैं:

निम्नलिखित के नाम लिखिए—

1. भारत के प्रथम तीन चुनाओं में किस राजनीतिक दल का प्रभुत्व था ?
2. स्वतंत्र भारत के प्रथम विदेश मंत्री कौन थे?
3. स्वतंत्र भारत के प्रथम आम चुनाव कब हुए थे?
4. प्रथम चुनाओं के समय चुनाव आयोग के सामने आने वाली कोई एक समस्या लिखिए।

25. भारत के दिए गए राजनीतिक मानचित्र में, चार राज्यों को (A), (B), (C) और (D) से चिह्नित किया गया है। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों की पहचान कीजिए और उनके सही नाम अपनी उत्तर पुस्तिका में, प्रयुक्त जानकारी की क्रम संख्या और संबंधित अक्षरों के साथ, नीचे दिए गए प्रारूप के अनुसार लिखिए: 4x1=4




| प्रयुक्त जानकारी के लिए क्रमांक | मानचित्र में संबंधित वर्णमाला | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |

(i) ऐसा राज्य जिसमें द्विसदनीय विधायिका है और कन्नड़ भाषा बोली जाती है

(ii) ऐसा राज्य जिसमें द्विसदनीय विधायिका है और जो 2014 में विभाजित हुआ

(iii) ऐसा राज्य जिसमें द्विसदनीय विधायिका है और जो 2014 में नया बना

(iv) ऐसे राज्य जिसमें द्विसदनीय विधायिका है और जो मराठी भाषा-भाषी है

नोट: निम्नलिखित प्रश्न प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के लिए हैं ।

निम्न लिखित के नाम लिखिए :

(i) ऐसा राज्य जिसमें द्विसदनीय विधायिका है और कन्नड़ भाषा बोली जाती है

(ii) ऐसा राज्य जिसमें द्विसदनीय विधायिका है और जो 2014 में विभाजित हुआ

(iii) ऐसा राज्य जिसमें द्विसदनीय विधायिका है और जो 2014 में नया बना

(iv) ऐसे राज्य जिसमें द्विसदनीय विधायिका है और जो मराठी भाषा-भाषी है

26. गद्यांश को पढ़िए और इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के लिए सबसे उपयुक्त उत्तर चुनिए: 4x1=4

न्यायाधीशों की नियुक्ति कभी भी राजनीतिक रूप से निर्विवाद नहीं रही है। यह राजनीतिक प्रक्रिया का एक हिस्सा है। यह बात अपने आप में महतवपूर्ण हो जाती है कि सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय में न्यायाधीश कौन हैं। इससे संविधान की व्याख्या पर फ़र्क पड़ सकता है। न्यायाधीश का राजनीतिक दर्शन क्या है ? सक्रिय और मुखर न्यायपालिका के बारे में उसकी क्या राय है? नियंत्रित और प्रतिबद्ध न्यायपालिका के बारे में उसके क्या विचार हैं? इन सब बातों का प्रभाव लागू किए जाने वाले कानूनों पर पड़ता है । मंत्रिपरिषद, राज्यपाल और मुख्यमंत्री तथा भारत के मुख्य न्यायाधीश—सभी न्यायिक नियुक्ति की प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं।

जहाँ तक भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) की नियुक्ति का सवाल है, पिछले कुछ वर्षों में एक परंपरा विकसित हुई है जिसके तहत सर्वोच्च न्यायालय के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश को भारत का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया जाता है। हालाँकि, यह परंपरा अभी तक दो बार टूटी भी है। 1973 में ए. एन. रे को तीन वरिष्ठ न्यायाधीशों की जगह लेते हुए मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। फिर से, न्यायमूर्ति एम. एच. बेग को न्यायमूर्ति एच. आर. खन्ना को पीछे छोड़ते हुए नियुक्त किया गया (1975)।

1. 1973 में भारत के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति के संबंध में कौन सी परंपरा तोड़ी गई?

A. सबसे युवा न्यायाधीश को CJI नियुक्त करना

B. अल्पसंख्यक समुदाय के न्यायाधीश की नियुक्ति करना

C. सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश को CJI नियुक्त करना

D. राजनीतिक अनुभव वाले न्यायाधीश की नियुक्ति करना

2. 1975 में न्यायमूर्ति एम.एच. बेग को भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करते समय वरीयता में किसको अनदेखा किया गया ?

A. न्यायमूर्ति ए.एन. रे

B. न्यायमूर्ति एच.आर. खन्ना

C. न्यायमूर्ति वाई.वी. चंद्रचूड़

D. न्यायमूर्ति पी.एन. भगवती

3. निम्नलिखित में से कौन सा व्यक्ति या निकाय भारत में न्यायिक नियुक्तियों की प्रक्रिया को प्रभावित करता है?

A. केवल राष्ट्रपति

B. केवल संसद

C. मंत्रिपरिषद, राज्यपाल, मुख्यमंत्री और भारत के मुख्य न्यायाधीश

D. केवल सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश

4. न्यायिक नियुक्तियों में न्यायाधीशों के राजनीतिक दर्शन को महत्वपूर्ण क्यों माना जाता है?

A. यह संविधान की व्याख्या को प्रभावित करता है

B. यह उनके वेतन और कार्यकाल का निर्धारण करता है

C. यह राजनेताओं के बीच उनकी लोकप्रियता को प्रभावित करता है

D. यह पदोन्नति के लिए उनकी पात्रता तय करता है

---

## खंड-ङ. (4x6=24)

27. "भारतीय संविधान एक जीवंत दस्तावेज़ है।" संशोधनों के प्रावधानों और संविधान की व्याख्या में न्यायपालिका की भूमिका की व्याख्या करके इस कथन की पुष्टि कीजिए। 6

अथवा

हमें संविधान की आवश्यकता क्यों है और भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में इसका निर्माण कैसे होता है?

28. स्वतंत्रता के अधिकार की विस्तार से व्याख्या विभिन्न पहलुओं और उचित प्रतिबंधों को शामिल करते हुए कीजिए। 6

अथवा

भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त किन्हीं तीन मौलिक अधिकारों की व्याख्या कीजिए। लोकतंत्र में ये अधिकार क्यों आवश्यक हैं?

29. भारत के चुनाव आयोग के प्रमुख कार्यों का वर्णन कीजिए। यह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कैसे सुनिश्चित करता है? 6

अथवा

लोकतंत्र में चुनावों के महत्व की व्याख्या कीजिए। भारत में प्रतिनिधित्व प्रणाली कैसे काम करती है?

30. भारत के सर्वोच्च न्यायालय की संरचना और अधिकार क्षेत्र की व्याख्या कीजिए। 6

अथवा

भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में न्यायपालिका की भूमिका और महत्व की व्याख्या कीजिए। यह स्वतंत्रता और निष्पक्षता कैसे सुनिश्चित करती है?